Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 03-03-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to streamline the supply of LPG in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा इतना ही निवेदन है कि जयपुर शहर में एलपीजी की काफी किल्लत है। आजकल शादी-ब्याह का समय है। जब वे लोग गैस लेने जाते हैं, तो उनसे कहा जाता है कि आप कमर्शियल सिलेंडर लें। वह सिलेंडर घरेलू सिलेंडर से करीब चार गुना अधिक कीमत पर मिलता है और उसमें गैस भी कम होती है। आजकल जयपुर में सामाजिक कार्यों जैसे शादी, भजनों आदि का सीजन है इसलिए इन लोगों को साधारण रेट पर गैस सिलेंडर देना चाहिए, कमर्शियल रेट पर नहीं देनी चाहिए। व्यावसायिक उपयोग के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दिया जाए, तो उसमें कोई आपत्ति नहीं है। मेरी यही आपसे प्रार्थना है।